दैनिक भास्कर 29/04/2023

# पीपीटी में दिव्या व हर्षिता को मिला पहला पुरस्कार




**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज के लीगल लिटरेसी सेल व एसडीजी सेल की तरफ से ड्रग एडिक्शन (नशे की लत) पर पीपीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने भाग लिया। संयोजिका डॉ. मीनू राठी की देखरेख में ये कार्यक्रम हुआ। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए कहा कि नशे को रोकने के लिए इस प्रकार की गतिविधियां करते रहना चाहिए। पीपीटी प्रतियोगिता में दिव्या व हर्षिता को पहला, महकदीप व संजना को दूसरा और रोशनी, गुरनीत कौर और अंशिका गोयल को तीसरा पुरस्कार दिया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. सुरेंद्र कुंडू व डॉ. सरोज बाला रहीं। इस मौके पर डॉ. नीना व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।